# उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान ने महिंद्रा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

## चर्चा में क्यों?

6 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के हिसार स्थित उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान (एनआरएफएमटीटीआई), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने ट्रैक्टर और कृषि मशीनरी के भारत के अग्रणी निर्माताओं में से एक महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, मुंबई के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये।

## प्रमुख बिंदु

- इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य युवाओं के बीच कौशल विकास को बढ़ावा देना, उन्हें कृषि मशीनीकरण के क्षेत्र में करियर के लिये आवश्यक विशेषज्ञता से लैस करना है।
- समझौता ज्ञापन व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पेशकश के लिये एक सहयोगात्मक प्रयास की रूपरेखा तैयार करता है, जो युवाओं को कृषि मशीनरी उद्योग में चुनौतियों और अवसरों के लिये तैयार करेगा।
- इस साझेदारी का प्राथमिक उद्देश्य उद्योग की आवश्यकताओं और युवाओं के पास मौजूद कौशलों के बीच अंतर को पाटना एवं अंतत: कृषि मशीनीकरण क्षेत्र में कार्यबल को मज़बूत करना है।
- **समझौता ज्ञापन की मुख्य विशेषताएँ:**
    - **कौशल विकास कार्यक्रम:** एनआरएफएमटीटीआई और अग्रणी कृषि मशीनरी निर्माता संयुक्त रूप से कृषि मशीनरी उद्योग की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास कार्यक्रम डिज़ाइन और कार्यान्वित करेंगे।
    - **अत्याधुनिक सुविधाएँ:** महिंद्रा नामांकित छात्रों के लिये उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिये विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएँ, प्रयोगशालाएँ और अनुभवी संकाय विकसित करेगा।
    - **उद्योग से जुड़ा पाठ्यक्रम प्रशिक्षण:** पाठ्यक्रम को उद्योग की मांगों के अनुसार निकटता से संरेखित करने के लिये डिज़ाइन किया जाएगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि स्नातक अपने प्रशिक्षण के पूरा होने पर नौकरी के लिये तैयार हैं।
- इंटर्नशिप और प्लेसमेंट सहायता: साझेदारी विनिर्माण कंपनी के भीतर छात्रों के लिये इंटर्नशिप के अवसरों की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया के उद्योग संचालन के लिये व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। इसके अतिरिक्त, निर्माता एनआरएफएमटीटीआई के प्लेसमेंट प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे, स्नातकों के लिये नौकरी प्लेसमेंट में सहायता करेंगे।







PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/northern-region-farm-machinery-training-and-testing-institute-signs-mou-with-mahindra